नोट 2—उक्त प्रश्नपत्रों के उत्तर हिन्दी में देने का विकल्प चाहने वाले उम्मीदवारों को अपने इस इरादे का उल्लेख आवेदन पत्र के खाना 9 में स्पष्ट रूप से करना चाहिए, नहीं तो यह समझा जाएगा कि वे सभी प्रश्न पत्रों के उत्तर अंग्रेजी में ही देंगे ।

5. उम्मीदवारों को सभी उत्तर अपने हाथ से लिखने होंगे । किसी भी हालत में उन्हें उत्तर लिखने के लिए अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

6. आयोग अपने निर्णय से परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों के लिए अर्हक (क्वालीफाइंग) अंक निर्धारित कर सकता है ।

7. केवल सतही ज्ञान के लिए अंक नहीं दिए जाएंगे ।

8. खराब लिखावट के कारण लिखित विषयों के पूर्णांक में से 5 प्रतिशत अंक काट लिए जाएंगे ।

9. परीक्षा के सभी विषयों में कम से कम शब्दों में, क्रमबद्ध प्रभावपूर्ण ढंग से और ठीक-ठीक की गई भावाभिव्यक्ति को विशेष महत्व दिया जाएगा ।

अनुसूची

परीक्षा का पाठ्य विवरण

1. **निबन्ध** :—दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखना होगा ।

2. **सामान्य अंग्रेजी** :

(i) सार-लेखन और मसौदा-लेखन :—अंग्रेजी समझने और लिखने की शक्ति की परीक्षा करने के लिए प्रश्न पूछे जाएंगे । आम तौर पर, संक्षेप या सार लिखने के लिए अवतरण (पैसेजज़) दिए जाएंगे । उम्मीदवारों को कुछ सामग्री दी जाएगी और उन्हें उस सामग्री का समुचित उपयोग करते हुए पत्रों ज्ञापनों आदि के मसौदे तैयार करने को भी कहा जाएगा ।

(ii) पर्यायों, विलोमों, शब्दों तथा पदों के मुहावरेदार प्रयोग और सामान्य मूलों के बारे में प्रश्न पूछे जाएंगे ।

(iii) शब्द-भेद (पार्टस आफ स्पीच), वाक्य-विश्लेषण, वाक्य रचना तथा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कथन (डायरेक्ट और इनडाय रेक्ट स्पीच)।

नोट :—प्रश्न पत्र 2 में सार लेखन के लिए 75 अंक, मसौदा लेखन के लिए 75 अंक और व्याकरण, मुहावरों आदि के लिए 50 अंक होंगे ।

प्रश्न पत्र 1 और 2 का उद्देश्य उम्मीदवारों की शुद्ध भाषा लिखने की योग्यता की परीक्षा करना है । वाक्य विन्यास तथा योजना, सामान्य अभिव्यक्ति और भाषा के व्यावहारिक प्रयोग पर ध्यान दिया जाएगा ।

3. **सामान्य ज्ञान, जिसमें भारत का भूगोल भी शामिल है** :

सामयिक घटनाओं का ज्ञान और जो कुछ हम प्रतिदिन देखते और अनुभव करते हैं उनके वैज्ञानिक पक्षों का ज्ञान, जो एक ऐसे साधारण पढ़े लिखे आदमी को होना चाहिए । जिसने किसी वैज्ञानिक विषय का विशेष अध्ययन न किया हो इस प्रश्न पत्र में भारतीय भूगोल सम्बन्धी प्रश्न पूछे जाएंगे । इस प्रश्न पत्र में भारतीय इतिहास से सम्बन्धित ऐसे प्रश्न भी पूछे जाएंगे जिसका उत्तर उम्मीदवार बिना किसी विशेष अध्ययन के ही दे सकते हैं ।

परिशिष्ट III

उन सेवाओं/पदों से सम्बन्धित संक्षिप्त विवरण जिनके लिए इस परीक्षा के द्वारा भर्ती की जा रही है ।

1. (1) केन्द्रीय सचिवालय सेवा

केन्द्रीय सचिवालय सेवा में इस समय नीचे लिखे चार ग्रेड हैं :—

(i) सेलेक्शन ग्रेड (उप सचिव या समकक्ष)—रु० 1100-50-1300-60-1600-100-1800 ।

(ii) ग्रेड 1 (अवर सचिव या समकक्ष)—रु० 900-50-1250 ।

(iii) अनुभाग अधिकारी ग्रेड—रु० 350-25-500-30-590-कु० रो०-30-800-कु० रो०-30-830-35-900 ।

(4) सहायक ग्रेड—रु० 210-10-270-15-300 कु० रो०-15-450-कु० रो०-20-530 ।

नोट :—जो सहायक, अनुभाग अधिकारियों के पद पर पदोन्नत किए जाते हैं, उन्हें कम से कम 400 रु० प्रतिमास वेतन दिया जाएगा ।

(2) सहायकों के रूप में सीधे भर्ती किए गए व्यक्तियों को दो वर्ष तक परिवीक्षा पर रखा जाएगा । इस परिवीक्षा अवधि में उनको सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण लेना होगा, और विभागीय परीक्षाएं पास करनी होंगी । यदि परिवीक्षाधीन सहायक प्रशिक्षण अवधि में पर्याप्त प्रगति न दिखा सके या परीक्षाएं पास न कर सकें तो उसे सेवा से मुक्त किया जा सकेगा ।

(3) परिवीक्षा अवधि के समाप्त होने पर सरकार परिवीक्षाधीन को उसकी नियुक्ति पर पक्का कर सकती है, या सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण संतोषजनक न रहा हो तो सरकार उसे या तो सेवामुक्त कर सकती है या उसकी परिवीक्षा अवधि को, जितना उचित समझे और बढ़ा सकती है ।

(4) केन्द्रीय सचिवालय सेवा में भर्ती किए गए सहायकों को केन्द्रीय सचिवालय सेवा योजना में शामिल किसी एक मंत्रालय या कार्यालय में नियुक्त किया जा सकता है । तथापि उन्हें किसी भी समय ऐसे किसी एक मंत्रालय या कार्यालय में स्थानान्तरण किया जा सकता है ।

(5) सहायक इस सम्बन्ध में समय-समय पर लागू होनेवाले नियमों के अनुसार ऊंचे ग्रेडों में पदोन्नति पा सकेंगे ।

(6) जिन व्यक्तियों को उनके अपने ही विकल्प के आधार पर केन्द्रीय सचिवालय सेवा के सहायक ग्रेड में नियुक्त किया गया हों अपनी इस नियुक्ति के बाद भारतीय विदेश सेवा (बी) या रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा योजना के संवर्ग (केडर) के किसी पद पर स्थानान्तरण या नियुक्ति का दावा नहीं कर सकेंगे ।

(II) भारतीय विदेश सेवा (बी)

विदेश मंत्रालय में और विदेशों में स्थित भारतीय राजनयिक कांसूली एवं वाणिज्यक दूतावासों व केन्द्रों में सहायकों के सभी पद तथा विदेश व्यापार मंत्रालय में सहायकों के कुछ पद भारतीय विदेश सेवा (बी) के सामान्य संवर्ग के ग्रेड 4 में सम्मिलित हैं । ग्रेड 4 के नीचे के ग्रेडों को छोड़कर भारतीय विदेश सेवा (बी) के सामान्य संवर्ग के विभिन्न ग्रेड निम्नलिखित हैं :—

ग्रेड	पद	वेतन मान
ग्रेड 1	मुख्यालय में अवर सचिव, विदेश में स्थित दूतावासों और केन्द्रों में प्रथम और द्वितीय सचिव ।	रु० 900-50-1250 ।
एकीकृत ग्रेड 2 और 3	मुख्यालयों में सहचारी और अनुभाग अधिकारी। विदेशों में स्थित दूतावासों और केन्द्रों में उप कांसूल और रजिस्ट्रार ।	रु० 350-25-500-30-590-द० रो०-30-800-द० रो०-30-830-35-900 ।
ग्रेड 4	मुख्यालय में तथा विदेशों में स्थित दूतावासों और केन्द्रों में सहायक।	रु० 210-10-270-15-300-द० रो०-15-450-द० रो०-20-530।

टिप्पणी :—एकीकृत ग्रेड II और III में पदोन्नत सहायकों को कम से कम 400 रुपए मासिक वेतन दिया जाता है ।

2. भारतीय विदेश सेवा (बी) के संवर्ग के ग्रेड 4 (सहायक) के लिए चुने गए उम्मीदवारों को प्रारम्भ में अस्थायी रिक्तियों में नियुक्त किया जाएगा । फिर भी, वे अन्यथा पात्र होने पर अपनी बारी में, भारतीय विदेश सेवा (बी) (भर्ती, संवर्ग, वरिष्ठता और पदोन्नति) नियम, 1964 के अनुसार स्थायी किए जाएंगे, किन्तु यह अभिस्थायी रिक्त स्थानों की उपलब्धि पर निर्भर होगा। उम्मीदवारों की ग्रेड 4 में नियुक्ति सामान्यतया संघ लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित क्रमानुसार की जाएगी यदि विदेश सेवा के योग्य नहीं पाए जाने पर उन्हें अस्वीकार न किया गया हो। विदेश सेवा के लिए उनकी उपयुक्तता को निर्धारित करने के लिए उम्मीदवार को, एक चयन ग्रेड जो विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा गठित किया जाएगा के समक्ष साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा ।

3. भारतीय विदेश सेवा (बी) में सामान्य संवर्ग के ग्रेड 4 में सीधे भर्ती किए गए व्यक्तियों को दो वर्ष तक परिवीक्षाधीन रखा जाएगा । इस दौरान उन्हें ऐसे प्रशिक्षण लेने होंगे और ऐसी परीक्षाएं पास करनी होंगी जो सरकार द्वारा निर्धारित की गई हों । प्रशिक्षण के दौरान सन्तोषजनक प्रगति न करने अथवा परीक्षाएं पास न करने के फलस्वरूप परिवीक्षाधीन को नौकरी से निकाला जा सकता है ।

4. भारतीय विदेश सेवा (बी) में नियुक्त किए गए व्यक्तियों का केन्द्रीय सचिवालय सेवा और रेलवे बोर्ड सचिवालय संवर्ग में शामिल पदों पर नियुक्त किए जाने का अधिकार नहीं होगा । इसके अतिरिक्त ऐसे सभी व्यक्ति जिन्हें भारत अथवा विदेश में किसी पद पर नियुक्त किया जाए सेवा करने को बाध्य होंगे ।

5. भारतीय विदेश सेवा (बी०) के सदस्य जब भारत में सेवायुक्त हों तो उन्हें अपने मूल वेतन के अतिरिक्त ऐसे भत्ते भी मिलेंगे जो अन्य केन्द्रीय सरकार के समान पद धारण करने वाले कर्मचारियों को मिलते हैं। जब ये अधिकारी विदेश में नियुक्त किए जाते हैं तो कुछ रियायतें पाने के हकदार होंगे जैसे—उनके लाभ के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित स्केल के अनुसार विदेश भत्ता, निःशुल्क फर्नीचरयुक्त निवास स्थान, बच्चों का शिक्षण भत्ता, सज्जा भत्ता और उनके तथा उनके परिवार इत्यादि के लिए यात्रा भाड़ा इत्यादि किया जाता है । ये रियायतें ऐसे सामान्य निधियों के अनुसार जो कि सरकार लेती है वापस ली जा सकती है, संशोधित की जा सकती है अथवा बढ़ाई जा सकती है ।

6. भारतीय विदेश सेवा (बी०) में नियुक्त सभी अधिकारी भारतीय विदेश सेवा (शाखा-बी) (भर्ती संवर्ग, वरिष्ठता और पदोन्नति) नियम 1964 के अधीन और अन्य ऐसे नियमों और विनियमों के अधीन भी होंगे जो सेवा पर लागू होने के लिए सरकार भविष्य में बनाए ।

7. भारतीय विदेश सेवा (बी०) के सामान्य संवर्ग (सहायक) के ग्रेड 4 में नियुक्त व्यक्ति, भारतीय विदेश सेवा (शाखा-बी) (भर्ती, संवर्ग, वरिष्ठता और पदोन्नति) नियम 1964 में समाविष्ट उपबन्धों के अनुसार उच्च ग्रेडों में पदोन्नति पाने के पात्र होंगे ।

टिप्पणी :—भारतीय विदेश सेवा (भर्ती, संवर्ग, वरिष्ठता और पदोन्नति) नियम 1961 के अनुसार भारतीय विदेश सेवा (बी०) के ग्रेड-1 के अधिकारियों को भारतीय विदेश सेवा (ए०) के वरिष्ट वेतन मान में पदोन्नति के लिए रु० 900-50-1000-60-1600-50-1800 के वेतनमान में सीमित कोटा उपलब्ध है ।

(iii) **रेलवे बोर्डस सचिवालय**

(क) जहां तक भर्ती, प्रशिक्षण, पदोन्नति आदि का सम्बन्ध है, रेलवे मंत्रालय में नियुक्त कर्मचारियों की सेवा की शर्तें रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा नियम, 1969 द्वारा नियमित होती हैं, जो मोटे तौर पर केन्द्रीय सचिवालय सेवा नियम 1962 के समान ही हैं ।

(ख) रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा में नीचे लिखे ग्रेड शामिल हैं :—

(i) प्रवरण ग्रेड : संयुक्त निदेशक/उप सचिव, रेलवे बोर्ड के ग्रेड के ऐसे पद जो रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर धारण किए जाते हैं।	रु० 1100-50-1300-60-1600-100-1800

(ii)	(क) उप-निदेशकों का ग्रेड : उप-निदेशक रेलवे बोर्ड के ऐसे पद जो रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा के अधिकारियों द्वारा समय-समय पर धारण किए जाते हैं ।	रु० 900-50-12050 विशेष वेतन 200 रु० मासिक ।
(ख)	ग्रेड 1 : सहायक निदेशक और अवर सचिव ।	रु० 900-50-1250 ।
(iii)	अनुभाग अधिकारी ग्रेड	रु० 350-25-500-30-590-द० रो०-30-800-द० रो०-30-830-35-900 ।
(iv)	सहायक ग्रेड	रु० 210-10-280-15-300-द० रो०-15- 450-द० रो०-20-530 ।

अनुभाग अधिकारियों और सहायकों के पदों पर सीधी भर्ती की जाती है । जो सहायक, अनुभाग अधिकारीयों के पद पर पदोन्नत किए जाते हैं, उन्हें कम से कम 400 रुपए प्रतिमास वेतन दिया जाता है ।

(ग) रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा रेलवे मंत्रालय तक ही सीमित है और इसके कर्मचारियों का स्थानान्तरण केन्द्रीय सचिवालय सेवा की भांति अन्य मंत्रालयों को नहीं हो सकता ।

(घ) सहायकों के रूप में सीधी भर्ती किए गए अधिकारियों को सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण लेना होगा और विभागीय परीक्षाएं पास करनी होंगी । यदि प्रशिक्षण अवधि में पर्याप्त प्रगति न दिखा सकें या परीक्षाएं पास न कर सकें तो उन्हें सेवा से मुक्त कर दिया जाएगा ।

(ङ) सहायक इस सम्बन्ध में समय-समय पर लागू होने वाले नियमों के अनुसार ऊंचे ग्रेडों में पदोन्नति पा सकेंगे ।

(च) इन नियमों के अन्तर्गत भर्ती किए गए रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा के अधिकारी :—

(i) पेंशन के लाभों के पात्र होंगे, और

(ii) जिस दिन कार्य सम्भालें उस तारीख को नियुक्त रेलवे कर्मचारियों पर लागू होने वाले गैर अंशदायी राज्य रेल भविष्य निधि के नियमों के अन्तर्गत निधि में अभिदान करेंगे ।

(छ) रेल मंत्रालय में नियुक्त कर्मचारियों को अन्य रेल कर्मचारियों के समान ही पास और सुविधा-टिकट-आदेश की सुविधाएं उपलब्ध हैं ।

(ज) जहां तक छुट्टी और सेवा की अन्य शर्तों का सम्बन्ध है, रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा में शामिल किए गए कर्मचारियों को रेलवे के अन्य अधिकारियों के समान ही समझा जाता है, परन्तु चिकित्सा सुविधाओं के मामले में इन पर वे ही नियम लागू होंगे जो केन्द्रीय सरकार के उन अन्य कर्मचारियों पर लागू होते हैं, जिनके मुख्यालय नई दिल्ली में हैं ।

(iv) **सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा :**

सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा में इस समय नीचे लिखे चार ग्रेड हैं :—

(1) वरिष्ठ सिविल स्टाफ अफसर (श्रेणी-1) रु० 1100-50-1400 ।

(2) सिविल स्टाफ अफसर (श्रेणी-1) रु० 740-30-800-50-1150 ।

(3) अधीक्षक (श्रेणी-II राजपत्रित) रु० 350-25-500-30-590 द० रो०-30-800 ।

(4) सहायक (श्रेणी II-अराजपत्रित) रु० 200-10-270-15-300-द० रो० 15-450-द० रो० -20-530

नोट:— सहायक के ग्रेड के अधिकारी को अधीक्षक के ग्रेड पर पदोन्नत होने पर अधीक्षक के ग्रेड के वेतनमान में कम से कम 400 रु० का आरंभिक वेतन दिया जायगा ।

(2) सहायकों के रूप में सीधे भर्ती किए गए व्यक्तियों को दो वर्ष तक परिवीक्षा पर रखा जायगा । इस परिवीक्षा अवधि मे उनको सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण लेना होगा और विभागीय परीक्षाएं पास करनी होंगी । यदि परिवीक्षाधीन सहायक प्रशिक्षण अवधि में पर्याप्त प्रगति न दिखा सके या परीक्षाएं पास न कर सके तो उसे सेवा से मुक्त किया जा सकेगा ।

(3) परिवीक्षा अवधि के समाप्त होने पर सरकार परिवीक्षाधीन को उसकी नियुक्त पर पक्का कर सकती है, या सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण संतोषजनक न रहा हो तो सरकार उसे या तो सेवामुक्त कर सकती है या उसकी परिवीक्षा अवधि को, जितना उचित समझे, और बढ़ा सकती है ।

(4) सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा में भर्ती किए गए सहायकों को सेवा मुख्यालय या सशस्त्र सेवा मुख्यालय सिविल सेवा योजना में शामिल अन्तर सेवा संगठनों में से किसी एक में नियुक्त किया जा सकता है । तथाति, उन्हें किसी भी समय ऐसे किसी अन्य मुख्यालय या कार्यालय में स्थानांतरित किया जा सकता है ।

(5) सहायक इस संबंध में समय पर लागू होने वाले नियमों के अनुसार ऊंचे ग्रेडों में पदोन्नति पा सकेंगे ।

(6) जो व्यक्ति सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा के सहायकों के ग्रेड में नियुक्त हो गए हैं उनका, ऐसी नियुक्ति के उपरान्त, इस सेवा से बाहर किसी पद पर नियुक्ति अथवा स्थानान्तरण के लिए कोई अधिकार नहीं होगा ।

(2) **चुनाव आयोग, भारत :**

चुनाव आयोग में सहायकों के पद का वेतन मान केन्द्रीय सचिवालय सेवा के सहायकों के पदों के समान ही रू० 210-10-270 15-300 द० रो० 15-450 द०रो० -20-530 हैं । फिर भी यह

पद केन्द्रीय सचिवालय के योजना में शामिल नहीं है तथा इन पदों पर नियुक्त व्यक्तियों का केन्द्रीय सचिवालय सेवा के संवर्ग सम्मिलित पदों पर नियुक्ति का कोई अधिकार नहीं होगा ।

(2) सहायकों के रूप में सीधे भर्ती किए गए व्यक्तियों को दो वर्ष तक परिवीक्षा पर रखा जायगा । इस परिवीक्षा अवधि में उनको सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण लेना होगा और विभागीय परीक्षाएं पास करनी होंगी यदि परिवीक्षाधीन सहायक अवधि में पर्याप्त प्रगति न दिखा सके या परीक्षाएं पास न कर सकें तो उन्हें सेवा मुक्त किया जा सकेगा ।

(3) परिवीक्षा अवधि के समाप्त होने पर हर प्रकार परिवीक्षाधीन व्यक्ति को उसकी नियुक्ति पर पक्का कर सकती है या यदि सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण संतोषजनक न रहा हो तो सरकार उसे या तो सेवा मुक्त कर सकती है या उसकी परिवीक्षा अवधि को, जितना उचित समझे, और बढ़ा सकती है ।

(4) सहायक इस संबंध में समय-समय पर लागू होने वाले नियमों के अनुसार ऊंचे ग्रेडों में पदोन्नति पा सकेंगे । इसके आगे दो और ऊंचे ग्रेड ये हैं :—

(1) अनुभाग अधिकारी ग्रेड :— रु० 350-25-500-30-590-द०रो०-30-800-द०रो०-30-830-35-900 ।

(2) अवर सचिव ग्रेड - रु० 900-50-1250 ।

(3) पर्यटन विभाग:—

पर्यटन विभाग में सहायकों के पदों का वेतन मान रु० 210-10-270-15-300-द०रो०-15-450-द०रो०-20-530 है जैसा कि केन्द्रीय सचिवालय सेवा के ग्रेड चार के लिए निर्धारित है । किन्तु ये पद केन्द्रीय सचिवालय सेवा योजना में सम्मिलित नहीं है और इन पदों पर नियुक्त व्यक्ति केन्द्रीय सचिवालय सेवा के संवर्ग में सम्मिलित पदों पर नियुक्ति के लिए दावा नहीं कर सकते ।

सहायकों के रूप में सीधे भर्ती किए गए व्यक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षाधीन होंगे, और इस अवधि में उन्हें भारत सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित प्रशिक्षण ग्रहण करना होगा तथा विभागीय परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होंगी । परिवीक्षाधीन व्यक्ति के लिए प्रशिक्षण के दौरान पर्याप्त प्रगति दिखाने में या परीक्षा उत्तीर्ण करने में असफल रखने का परिणाम सेवा से मुक्ति हो सकता है ।

परिवीक्षा की समाप्ति पर सरकार परिवीक्षाधीन व्यक्ति की, उसकी नियुक्ति पर पुष्टि कर सकती है या यदि सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण असंतोषजनक रहा तो उसे सेवा से मुक्त किया जा सकता है या उसकी परिवीक्षा अवधि आगे और उस सीमा तक बढ़ायी जा सकती है जितनी कि सरकार आवश्यक समझे ।

समय समय पर इस विषय में जारी किए जाने वाले नियमों के अधीन, सहायक, सहायक निदेशक (प्रशासन) के उच्चतर ग्रेड में पदोन्नति के पात्र होंगे जिसका वेतन मान रु० 400-25-500-30-590 द० रो० -30-800 है ।

पेट्रोलियम तथा रसायन और खान तथा धातु मंत्रालय
(खान तथा धातु विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 14 दिसम्बर 1970

संकल्प

सं० 20(26)/70 सम०—देश में खनिज विकास कार्यक्रम में गति-त्वरण की दृष्टि से भारत सरकार ने यह विनिश्चय किया है कि खान तथा धातु विभाग के सचिव की अध्यक्षता में एक समिति नियुक्त की जाए ।

2. **नाम**

समिति, खनिज विकास समन्वय समिति कही जाएगी ।

3. **संरचना**

समिति की संरचना निम्नलिखित रूप में होगी :—

सचिव, खान तथा धातु विभाग	अध्यक्ष ।
सचिव, वित्त मंत्रालय (व्यय व अर्थ विभाग)	सदस्य ।
सचिव, औद्योगिक विकास विभाग	सदस्य ।
सचिव, विदेश व्यापार मंत्रालय	सदस्य ।
सचिव, परिवहन और जहाजरानी मंत्रालय	सदस्य ।
सचिव, इस्पात और भारी इंजीनियरिंग मंत्रालय	सदस्य ।
सचिव, रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)	सदस्य ।
सचिव, योजना आयोग	सदस्य ।
संयुक्त सचिव, समन्वय का प्रभारी (खान तथा धातु विभाग)	सचिव ।

कृत्य

समिति, लौह अयस्क निर्यात प्रोत्साहन, जिसके लिए पहले ही पृथक समिति विद्यमान है, को छोड़कर खनिज विकास के समस्त पहलुओं का समन्वय करेगी और परामर्श देगी ।

समिति विभिन्न खनिजों के लिए आन्तरिक और निर्यात मांग का परीक्षण करेगी और उन क्षेत्रों का अभिज्ञान कराएगी जहां वर्धित मांग के साथ-साथ उत्पादन में समर्थ बनाने के लिए विशेष प्रयासों की आवश्यकता है ।

समिति, उपलब्ध खनिज संसाधनों का अनुकूलतम प्रयोग के लिए खनिजाधारित उद्योगों को स्थापित करने हेतु भी आवश्यक कदम उठाएगी ।

समिति द्वारा, त्वरित खनिज विकास के कार्यक्रम की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए देश में आवश्यक आधार-संरचना के विकास के लिए उपाय प्रतिपादित किए जाएंगे । इसमें मार्ग, रेल तथा पत्तन विकास, खनन-मशीनरी तथा विस्फोटों का विनिर्माण, खनिजों के परिष्करण अथवा उपयोजन पर अनुसंधान, विशेषज्ञीय वित्तीय संस्थानों के मध्यम से वित्तीय सहायता आदि सम्मिलित हैं ।

जब कभी प्रमुख गतिरोध, जिनकी प्रवृत्ति खनिज विकास के कार्यक्रम को सीमित करना होता है, विकसित होंगे, तो समिति खनिजों के निर्विघ्न और वर्धित विकास में समर्थ बनाने के लिए इस प्रकार के अवरोधनों को दूर करने के लिए आवश्यक कदमों पर विचार करेगी । समिति, विभिन्न राज्य सरकारों के सहयोग और सक्रिय योगदान को लेखनीबद्ध करेगी और जब कभी आवश्यक हो सलाहकारी समितियों को भी नियुक्त करेगी ।

के० एस० रामचन्द्रन,
संयुक्त सचिव

औद्योगिक विकास तथा आंतरिक व्यापार मंत्रालय

(औद्योगिक विकास विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 18 दिसम्बर 1970

सं० एस० एस० आई० (ए)-17(3)/70—औद्योगिक विकास तथा आंतरिक व्यापार मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) मंत्रालय के संकल्प संख्या एस० एस० आई० (ए)-17 (3)/70 दिनांक 25-8-1970 में, जिसके अन्तर्गत लघु उद्योग बोर्ड को पुनर्गठित किया गया था, बोर्ड के सदस्यों की सूची में निम्नलिखित को सम्मिलित किया जायेगा—

38. श्री पी० गंगा रेड्डी
लोक सभा सदस्य,
214, विट्ठल भाई पटेल हाउस,
नई दिल्ली ।

39. श्री सरदार आमजद अली,
लोक सभा सदस्य,
7, इलैक्ट्रिक लेन, नई दिल्ली-1

40. श्री सुल्तान सिंह,
राज्य सभा सदस्य,
21, मीना बाग, नई दिल्ली 1

ओ० आर० पद्मनाभन, अवर सचिव

कम्पनी कार्य विभाग

नई दिल्ली-1, दिनांक 17 दिसम्बर 1970

आदेश

सं० 53(1)/70 सी० एल० 2—कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 209 की उप-धारा (4) के खंड (ख) उप-खंड (ii) के अनुसरण में, कम्पनी विधि बोर्ड एतद्द्वारा, भारत सरकार, कम्पनी कार्य विभाग के निम्नलिखित अधिकारियों को, कथित धारा 209 के उद्देश्य के लिये प्राधिकृत करती है—

1. श्री ए० के० घोष, संयुक्त निदेशक, निरीक्षण, कलकत्ता
2. श्री आर० के० भट्टाचारजी, सहायक निरीक्षण अधिकारी, कलकत्ता ।

वी० के० वेंकटारामन, अवर सचिव

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास और सहकारिता मंत्रालय

(कृषि विभाग—भा० कृ० अनु० परि०)

नई दिल्ली, दिनांक 19 दिसम्बर 1970

सं० 28-1/70-समन्वय(1) भा० कृ० अनु० परि०—भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की नियमावली के नियम 75 के अनुसार खाद्य तथा कृषि मंत्री ने कृषि मूल्य आयोग के अध्यक्ष को दिनांक 19 दिसम्बर, 1970 से 18 नवम्बर, 1972 तक की अवधि के लिए सोसाइटी की कृषि अर्थशास्त्र, सांख्यिकीय एवं विपणन अनुसंधान की स्थायी समिति का सदस्य सहर्ष मनोनीत किया है ।

एम० आर० कोल्हटकर, उप-सचिव

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय

(पुस्तक वर्धन अनुभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 15 दिसम्बर 1970

सं० एफ० 7-1/70 बी० पी०—भारत सरकार संकल्प संख्या एफ० 7-7/70 बी० पी०-ii दिनांक 15 दिसम्बर, 1970 के पैरा 4 के मद (ढ) के अनुसारण में निम्नलिखित व्यक्ति, पुनर्गठित बोर्ड की पहली बैठक की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए पुनर्गठित राष्ट्रीय पुस्तक विकास बोर्ड के सदस्यों के रूप में अपनी व्यक्तिगत हैसियत में मनोनीत किये जाते हैं :—

गैर सरकारी सदस्य

1. श्री डी० एन० मल्होत्रा
हिन्दी पाकेट बुक्स प्रा० लिमिटेड
जी० टी० रोड, शाहदरा दिल्ली-32

2. श्री जयान एच० शाह,
जैके पब्लिशिंग हाउस,
125, महात्मा गांधी रोड बम्बई-1

3. श्री एस० एन० गुहारे,
प्रबन्ध-निदेशक, श्री सरस्वती प्रेस लि०
32, आचार्य प्रफुल्ल चन्द्र रोड,
कलकत्ता-9 ।

4. श्री एम० एल० जुत्शी,
मैसर्स बल्लारपुर पेपर एण्ड स्ट्राबोर्ड मिल्स लि० ,
थापर हाउस, 124, जनपथ नई दिल्ली-1

5. श्री पोंकुनन वर्की,
अध्यक्ष
साहित्य प्रवर्तक कोआपरेटिव सोसायटी लि०
पोस्ट बक्स नं० 94, कोट्टायम-1

6. श्री पी० एस० जयसिंदे,
प्राकाशक,
एशिया पब्लिशिंग हाउस प्रा० लि०,
कालीकट स्ट्रीट, बल्लार्ड ऐस्टेट,
बम्बई-1

7. प्रो० आर० जे० तारापोरवाला,
तारापोरवाला सन्स एण्ड को० प्रा० लि०
210, डा० डी० नौरोजी रोड,
बम्बई-1

8. श्री एम० एन० राव, अध्यक्ष,
फेडरेशन आफ पब्लिशर्स एण्ड बुकसेलर्स
एसोसिएशन इन इण्डिया,
14 शकुरमा चेट्टी स्ट्रीट मद्रास-1

9. श्री आर० एन० शुक्ल,
"दि टाइम्स आफ इंडिया"
पोस्ट बाक्स नं० 213
डा० दादा भाई नौरोजी रोड
बम्बई-1

10. श्री प्राण चोपड़ा,
"दि सिटीजन एण्ड वीक ऐण्ड रिव्यू"
सी-7 निजामुद्दीन ईस्ट,
नई दिल्ली-13

11. श्री जानकी नाथ बसु,
ब्रुकलैण्ड प्राइवेट लि०
1, शंकरघोष लेन, कलकत्ता-7

12. श्री सदानन्द जी० भात्कल,
पोपुलर बुक डिपो,
बुकसेलर्स पब्लिशर्स एण्ड न्यूज एजेन्ट्स,
डा० भादकाश्रकर रोड,
बम्बई-7

13. श्रीमती शीला सुन्धु,
राजकमल प्रकाशन प्रा० लि०,
8, फैंज बाजार, दिल्ली-6

14. प्रो० शान्ति नारायण, प्रिंसिपल,
हंसराज कालेज, दिल्ली-7

15. श्री डी० एन० मार्शल,
विश्वविद्यालय पुस्तकालय,
बम्बई-32

16. प्रो० ए० एम० खुशरो, इंस्टिट्यूट आफ इकोनोमिक गोथ,
यूनिवर्सिटी-ऐंकलेव,
दिल्ली-7

17. प्रो० एम० सी० शुक्ल,
सी-568, डिफेन्स कालोनी
नई दिल्ली -3

18. डा० सत्यप्रकाश,
विभागाध्यक्ष रसायन शास्त्र
इलाहाबाद विश्वविद्यालय,
इलाहाबाद

19. श्री ए० आर० देशपाण्डे,
88, वेस्ट पार्क रोड,
धननौली नागपुर

20. श्रीमती त्रिवादेवी गुप्ता,
226/4 ए० नेताजी सुभाष चन्द्र बोस रोड
कलकत्ता-40

21. श्री यू० एस० मोहन राव,
के०-14-बीरबल रोड,
जंगपुरा, नई दिल्ली-4

22. श्री आर० एन० भट्टाचार्य,
मार्डन बुक एजेन्सी प्राइवेट लि०
10, बंकिम चटर्जी स्ट्रीट,
कलकत्ता-12

संकल्प

विषय :– राष्ट्रीय पुस्तक विकास बोर्ड का पुनर्गठन ।

सं० एफ० 7-1/70-बी०पी०II०सरकार के संकल्प सं० एफ० 23-87/65-(यू० 4)-एच० ई०–1, दिनांक 23 फरवरी के अधिक्रमण में भारत सरकार राष्ट्रीय पुस्तक विकास बोर्ड का पुनर्गठन निम्नलिखित शर्तों पर करती है:–

2. बोर्ड के कार्य :

पुनर्गठित बोर्ड के कार्य निम्नलिखित होंगे:–

(क) उच्च शिक्षा के क्षेत्र सहित, देश की समस्त आवश्यकताओं को देखते हुए, पुस्तक-उद्योग के विकास के लिए मार्गदर्शक रेखाएं प्रस्तुत करना ;

(ख) पुस्तक-उद्योग तथा व्यापार की उन्नति के उपायों पर सलाह देना ;

(ग) भारतीय लेखकों की उपयुक्त पाठ्य-पुस्तकें लिखने तथा भारतीय प्रकाशकों की उन्हें प्रकाशित करने के लिए प्रोत्साहन देने हेतु साधनों के संबंध में सलाह देना ;

(घ) व्यवसाय में सलाह देना और मूल्यांकन करना ; लेखन, हाट, विशेषकर निर्यात संबंधी समस्याओं में अनुसंधान का आयोजन और गठन करना तथा इस बात का अध्ययन करना कि किस प्रकार भारतीय पुस्तकों का यथासंभव विस्तृत वितरण किया जा सकता है।

(ङ) पुस्तकों की कीमतें तथा उत्पादन लागत कम करने के दृष्टिकोण से उत्पादन-तकनीकों में अनुसंधान बढ़ाना ।

(च) राष्ट्रीय निष्कासन बिक्री अथवा सरकारी या गैरसरकारी प्रकाशनों आदि के वितरण की सरलता के लिए नियमित हाट संगठन की स्थापना सहित हाट सर्वेक्षण का आयोजन करना ।

(छ) विकसित देशों में पुस्तक प्रकाशन और वितरण की कुशलता और तकनीकों के नवीनतम विकास की सूचना देने के लिए निकासी गृह का कार्य करना ।

(ज) सरकार को ऐसे मामलों में सलाह देना अथवा ऐसे अन्य कार्य करना जो भी सरकार द्वारा इसे सौंपे जायें ।

3. बोर्ड का मुख्यालय :

बोर्ड का मुख्यालय, नई दिल्ली में होगा ।

4. बोर्ड की संरचना :

(क) भारत सरकार द्वारा मनोनीत अध्यक्ष यदि अध्यक्ष किसी कारणवश किसी बैठक में भाग न ले सके, तो भारत सरकार के संबंधित मंत्रालय के सचिव, उस विशेष सत्र की अध्यक्षता करेंगे अथवा अध्यक्ष मनोनीत करेंगे ।

(ख) शिक्षा मंत्रालय का एक प्रतिनिधि ।

(ग) औद्योगिक विकास और आन्तरिक व्यापार मंत्रालय का एक प्रतिनिधि ।

(घ) विदेश व्यापार मंत्रालय का एक प्रतिनिधि ।

(ङ) सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय का एक प्रतिनिधि ।

(च) वित्त मंत्रालय का एक प्रतिनिधि ।

(छ) कापीराइट रजिस्ट्रार, शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय ।

(ज) मुख्य नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, निर्माण, आवास नगरीय विकास और परिवार नियोजन मंत्रालय अथवा उनके द्वारा मनोनीत ।

(झ) मुख्य नियंत्रक, आयात तथा निर्यात, विदेश व्यापार मंत्रालय अथवा उनके द्वारा मनोनीत ।

(ञ) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का एक प्रतिनिधि ।

(ट) वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद का एक प्रतिनिधि ।

(ठ) राष्ट्रीय शिक्षा, अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद का एक प्रतिनिधि ।

(ड) राष्ट्रीय पुस्तक न्यास का एक प्रतिनिधि ।

(ढ) ऐसे अन्य व्यक्ति, किन्तु जो 25 से अधिक न हों, और जिन्हें पुस्तक प्रकाशन, मुद्रण और व्यापार से संबंधित विभिन्न हितों में से भारत सरकार द्वारा, समय-समय पर मनोनीत किया जाये ।

5. सदस्यता की कार्यावधि :

बोर्ड के पदेन सदस्य के अतिरिक्त, अध्यक्ष और प्रत्येक सदस्य की कार्यावधि सामान्यतया तीन वर्ष होंगी, जब तक कि अल्प अथवा दीर्घ अवधि निर्दिष्ट न की जाए, किन्तु, वह पुनर्नियुक्ति के पात्र होंगे । जब बोर्ड का कोई सदस्य, अपने कार्यालय अथवा नियुक्ति के आधार पर सदस्य बनता है, तो उसकी बोर्ड की सदस्यता, उक्त कार्यालय अथवा नियुक्ति पर न रहने पर, समाप्त हो जाएगी । सदस्यता से सभी त्यागपत्र, भारत सरकार के संबंधित मंत्रालय के सचिव को पेश किए जाएंगे ।

सदस्यों की सभी आकस्मिक रिक्तियों पर (पदेन सदस्यों को छोड़ कर) नियुक्तियां उस प्राधिकारी अथवा निकाय द्वारा की जाएगी जिसने उस सदस्य को मनोनीत किया हो, जिसका स्थान रिक्त हुआ है और आकस्मिक रिक्ति पर नियुक्त कोई भी व्यक्ति उस बकाया अवधि तक ही बोर्ड का सदस्य रहेगा, जिसके लिए कि वह व्यक्ति सदस्य रहता, जिसके स्थान पर नियुक्ति की गई थी ।

6. बैठकें और उप-समितियां :

सामान्यतया, बोर्ड की बैठक वर्ष में कम से कम एक बार अवश्य होगी । बोर्ड विशिष्ट प्रयोजनों के लिए, समितियां नियुक्त कर सकता है, जिनकी बैठक आवश्यकता के अनुसार हो सकती है ।

[आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति, सभी राज्य सरकारों और सभी संघीय प्रशासनों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों और विभागों, मंत्रिमण्डल सचिवालय, प्रधान मंत्री सचिवालय, संसदीय कार्य विभाग, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, राष्ट्रपति सचिवालय, आयोजना आयोग को भेज दी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को सूचनार्थ, भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाए ।

कान्ति चौधरी, संयुक्त सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 18 दिसम्बर 1970

शुद्धि-पत्र

सं० एफ० 22-1/69. सी० ए० 1 (2)—इस मंत्रालय की अधिसूचना संख्या एफ० 22-1/69. सी० ए० 1(2) दिनांक 17 अक्तूबर, 1970 की क्रम संख्या 2 में जादवपुर विश्वविद्यालय, जादवपुर के सामने अंकित "डा० जे० एम० सरकार" **के स्थान पर** कृपया "डा० जे० एन० सरकार" **पढ़ें** ।

सरन सिंह, अवर सचिव

पर्यटन तथा नागर विमानन मंत्रालय पर्यटन विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 13 जुलाई 1970

संकल्प

सं० 5-टी० एच० एल० (1)/69—होटल उद्योग के लिए आर्थिक सहायता का एक विशिष्ट साधन जुटाने के उद्देश्य से कर्ज प्रदान करने की एक स्कीम संकल्प सं० 5-टी० एच० एल० (35)/67 दिनांक 19-4-68 द्वारा स्वीकृत की गई थी, जिसे भारत राजपत्र सं० 18 दिनांक 4 मई, 1968 में कर्ज प्रदान करने के अनुदेशों के रूप में प्रकाशित किया गया और जिसे समय-समय पर संशोधित किया जाता रहा ।

अब यह निर्णय गिया गया है कि उक्त स्कीम को पब्लिक और प्राइवेट लिमिटेड कम्पनियों के अतिरिक्त, सहकारी समितियों और ट्रस्टों जिनमें धर्मार्थ ट्रस्ट भी शामिल हैं, पर भी लागू किया जाए और कर्ज प्रदान करने की कुछ शर्तों को उदार बनाया जाए ।

कर्ज के लिए प्राप्त आवेदनों पर विचार करने हेतु, उपरोक्त पैरा I में उल्लिखित संकल्प के अधीन स्थापित किए गए बोर्ड के सदस्य-सचिव अब, पर्यटन के महानिदेशक के स्थान पर, पर्यटन के अतिरिक्त महानिदेशक होंगे ।

यथा-संशोधित स्कीम अनुबन्ध में दी गई है ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक एक प्रतिलिपि सभी सम्बन्धित व्यक्तियों को भेजी जाए और सामान्य सूचना के लिए, इसे भारत-राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

एन० सहगल, सचिव

अनुबन्ध

होटल विकास के लिए दिए जाने वाले कर्जों से सम्बन्धित अनुदेश

(1 जुलाई 1970 तक यथा-संशोधित)

पर्यटन विभाग

होटल विकास के लिए दिए जाने वाले कर्जों से संबंधित अनुदेश

I. उद्देश्य :

देश में होटल उद्योग के लिए होटल प्रायोजनाओं को क्रियान्वित करने के उद्देश्य से ब्याजदेय कर्जों के रूप में आर्थिक सहायता का एक विशिष्ट साधन जुटाना ।

स्पष्टीकरण :

होटल प्रायोजना से तात्पर्य यह है कि:—

(1) विदेशी पर्यटकों के रहने के उपयुक्त स्तर के होटलों अथवा होटलों का निर्माण, जिसमें

(2) पर्यटन विभाग की अनमोदित सूची में दिये गए मौजूदा होटलों अथवा मोटलों के वर्तमान स्तर में सुधार करने और/अथवा अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करने की दृष्टि से उनका नवीकरण और विस्तार शामिल हैं।

II. बोर्ड का गठन और उसके अधिकार :

होटल उद्योग को इन अनुदेशों के अधीन कर्ज प्रदान करने के लिए प्राप्त आवेदनों पर विचार करने के लिए एक बोर्ड का गठन किया जाएगा। वह बोर्ड इस बात का सुनिश्चय करेगा कि आवेदक द्वारा दी गई प्रतिभूति इन अनुदेशों के अनुसार पर्याप्त है, और आवेदनों को, अपनी सिफारिशों के साथ पर्यटन नागर विमानन मन्त्रालय को भेजेगा। मन्त्रालय को कर्जों की स्वीकृत देने का अधिकार होगा परन्तु 25 लाख रुपये से अधिक के कर्जों के मामलों में भारत सरकार के वित्त मन्त्रालय का अनुमोदन प्राप्त करना अपेक्षित होगा।

बोर्ड, ऋणी से यह अपेक्षा कर सकता है कि वह भारत के नियन्त्रक तथा महालेखा परीक्षक अथवा उसके द्वारा नामित व्यक्ति से अपने लेखों की विशेष लेखापरीक्षा कराए।

बोर्ड में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे:—

(1) **अध्यक्ष :**

सचिव, पर्यटन और नागर विमानन मन्त्रालय

(2) **सदस्य :**

वित्त मन्त्रालय (व्यय विभाग) का प्रतिनिधि

(3) **सदस्य :**

निर्माण, आवास और पूर्ति मन्त्रालय का प्रतिनिधि

(4) **सदस्य सचिव :**

पर्यटन का अतिरिक्त महानिदेशक

III—पात्रता :

(1) एक पब्लिक लिमिटेड कम्पनी या एक प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी या एक सहकारी समिति या एक ट्रस्ट, जिसमें धर्मार्थ ट्रस्ट शामिल हैं, इन अनुदेशों के अधीन कर्जों के पात्र होंगे परन्तु ट्रस्ट को कर्ज देने के औचित्य का निर्धारण करने के लिए प्रत्येक न्यास विलेख (ट्रस्ट डीड) का परीक्षण किया जाएगा बशर्ते कि वह होटल प्रायोजना, जिसके लिए कर्ज मांगा गया है, पर्यटन विभाग द्वारा पहले से अनुमोदित हो।

(2) प्रायोजना की आर्थिक स्थिति मजबूत होनी चाहिए और आवेदक को बोर्ड के सामने अपने या अन्य साधनों से प्रायोजना को पूरा करने के लिए अपेक्षित शेष निधि जुटाने की क्षमता का प्रमाण देना होगा।

(3) होटल प्रायोजना, बोर्ड द्वारा समय समय पर अनुमोदित किये जाने वाले किसी ऐसे क्षेत्र में स्थित होनी चाहिए जो पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो। इस सम्बन्ध में बोर्ड का मत अन्तिम माना जाएगा।

(4) प्रायोजना का विस्तार और स्तर उतना ही होना चाहिये जितना कि उस क्षेत्र के लिए जिसमें वह स्थित है उपयुक्त समझा जाये ताकि उसकी परिचालन लागत अलाभप्रद न सिद्ध हो।

(5) आवेदक को पर्यटन विभाग द्वारा होटलों के परिचालन के लिए समय समय पर निर्धारित विनियामक शर्तों को मंजूर करने और उनका पालन करने के लिए सहमत होना चाहिए।

IV—कर्ज की प्रमात्रा :

(1) होटल प्रायोजना की अचल परिसम्पत्तियों अर्थात भूखंड, इमारत, एवं अनबंध 'क' में उल्लिखित अन्य परिसम्पत्तियों, के मूल्य के 75% की अधिकतम सीमा तक नया निर्माण कार्य :

किसी इमारत को खरीदना और उसे होटल में बदलना भी ऋण देने के मामले में नया-निर्माण ही समझा जाएगा परन्तु शर्त यह होगी कि आवेदक आवेदन द्वारा आवृत इमारत (तों) और /अथवा अपनी अन्य परिसम्पत्तियों को प्रतिभूतियों के रूप में प्रस्तुत करके बोर्ड को, संतुष्ट करेगा।

(2) विस्तार/नवीकरण :

किये जाने वाले खर्च का, जिसे बोर्ड द्वारा जांचा, निर्धारित एवं सहमत किया गया है, अधिकतम 50% तक।

V—शर्तें :

1. (क) इक्विटी/ऋण अनुपात :

जब आवेदक एक कम्पनी हो तो इक्विटी/ऋण का अनुपात 1:2 से अधिक नहीं होना चाहिए। ईक्विटी के अन्तर्गत प्रदत्त ईक्विटी शेयर पूंजी (पेड अप ईक्विटी शेयर कैपिटल), शेयर प्रीमियम, अप्रतिदेय अधिमानी शेयर (इररिडीमेबल प्रेफेंस शेयर और जारी होने की तारीख से लेकर कम से कम 12 वर्ष की प्रतिदान अवधि (रिडेम्पशन पीरियड) की अधिमान शेयर पूंजी (प्रेफ्रेंस शेयर कैपिटल) और विकास रिबेट रिजर्व सहित मुक्त आरक्षण-निधियां (फ्री रिजर्वज) सम्मिलित होंगी। ऋण अथवा कर्जों में वे सभी उधार जिनकी वापसी उधार लेने की तारीख से लेकर पाँच वर्ष से पहले नही की जानी होती (चाहे वे कैपिटल इक्विपमेंट की खरीद के लिए मांगे गए डिबेन्चर हों अथवा कर्ज या आस्थगित भुगतान जिन मे उन पर देय ब्याज भी सम्मिलित होगा) और 12 वर्ष के भीतर प्रतिदेय अधिमान शेयर, शामिल होंगे ; लेकिन इसमें कच्चे माल, सामान और औजारों आदि के स्टाकों को दृष्टि-बंधक रख कर कार्य कर पूंजी (वर्किंग कैपिटल) के प्रयोजनों के लिए बैंकों से लिए जाने वाले कर्ज शामिल नहीं होंगे।

सरकारी समितियों और ट्रस्टों के मामलों में प्रायोजना के वित्त-पोषण की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिये कि ऋणी द्वारा अपनी निधियों से लगाए गए अंशदान/निवेशों और उपरोक्त परिभाषा के अनुसार लिए जाने वाले ऋण/कर्जों में कम से कम 1 : 2 का अनुपात हो।

(ख) कर्जों के लिए प्रतिभूति :

नये निर्माण अथवा नवीकरण और विस्तारकार्य के लिए दिए जाने वाले कर्जों की प्रतिभूति, इनमें से किसी भी प्रकार से हो सकती है :—

(I) होटल/मोटल सम्पत्ति की भाररहित (अनएनकम्बर्ड) अचल परिसम्पत्तियों, यथा भूखंड, इमारतों या अनुबन्ध 'क' में दी गई अन्य अचल परिसम्पत्तियों, अथवा ऐसी अन्य

भाररहित अचल सम्पत्तियों को जिन पर ऋणी का निर्बाध अधिकार हो, बंधक रखना। कर्ज के प्रचलन की अवधि के दौरान प्रतिभति का मूल्य स्वीकृत किए जाने वाले कर्ज या ऋणी द्वारा न लौटाए गए शेष कर्ज, जैसी भी स्थिति हो, की राशि के 133-1/3 प्रतिशत के बराबर होना चाहिये; अथवा

(II) एक प्रथम श्रेणी के अनुसूचित बैंक/इन्श्योरेंस कम्पनी से प्राप्त एक गारंटी बाँड देना जिसमें समस्त कर्ज की राशि और उसके ब्याज के भुगतान की गारंटी दी गई हो। जब उपरोक्त विधि के अनुसार ब्याज सहित समस्त कर्ज की राशि के भुगतान की गारन्टी देने वाले और कर्ज की अदायगी तक की समस्त अवधि को व्यापत करने वाले गारंटी बांड की प्रतिभूति पर कर्ज दिया जाएगा तो इस प्रकार दी जाने वाली प्रतिभूति का मूल्य, कर्ज की राशि के 100 प्रतिशत के बराबर होगा। ऐसे मामलों में यह जरूरी नहीं, कि कर्ज की प्रमात्रा पूर्ववर्ती पैरा 4(1) में उल्लिखित होटल सम्पत्ति की अचल परिसम्पत्तियों के मूल्य से सम्बन्धित हो, परन्तु शर्त यह होगी कि इस पैरे के खंड (क) में निर्धारित अनुपात वाली शर्त का पालन किया जाए।

2. प्रतिभूतियों का पुनरीक्षण :

बोर्ड, प्रत्येक कर्ज की प्रतिभूति के मूल्य का, कर्जा देने की तारीख से लेकर हर तीन वर्षों में कम से कम एक बार पुनरीक्षण करेगा। तथापि बोर्ड, दिए गए कर्ज को, प्रभावी तौर पर सुरक्षित कराने के लिए, जब भी आवश्यक समझे किसी भी समय, किसी भी प्रदत्त प्रतिभूति का पुनरीक्षण कर सकता है। यदि प्रदत्त प्रतिभूति का मूल्य अपेक्षित प्रतिभूति के मूल्य से कम पाया जाए तो ऋणों से तुरन्त अतिरिक्त प्रतिभूति जमा कराने और इस प्रकार कमी को पूरा करने के लिए कहा जा सकता है।

3. ऋणी के निदेशक-मंडल में सरकार द्वारा नामित व्यक्ति :

सरकार आवेदक के निदेशक मंडल (बोर्ड आफ डायरेक्टर्ज) में अधिक से अधिक दो व्यक्तियों को तब तक के लिए नामित करेगी जब तक कि आवेदक से कर्ज की कुछ राशि बकाया रहती है और उससे ली जानी है इस प्रकार नामित किए गए इन निदेशकों से यह अपेक्षा नहीं की जाएगी कि वे क्वालिफिकेशन शेयर रखते हों; इन निदेशकों को आवेदक हटा नहीं सकेगा और इन्हें आवेदक की वार्षिक और अन्य आम बैठकों में उपस्थित होने और भाषण देने का अधिकार होगा।

दोनों निदेशकों को वे सभी अधिकार होंगे जिनका कानून के अनुसार तथा आवेदक के अन्तर्नियमों (आर्टिक्ल्ज आफ असोसिएशन) उपनियमों के अधीन एक निदेशक द्वारा प्रयोग किया जाता है।

4. पैरा v (3) में वर्णित शर्तों का पालन करने और उपरोक्त अपेक्षाओं की पूर्ति करने के लिए, यदि आवश्यक हो, तो आवेदक अपने अन्तर्नियमों/उपनियमों को संशोधित करेगा।

5. आवेदक अपने दैनिक कार्य से सम्बन्धित वे सभी सूचनाएं प्रदान करेगा जिन की मांग बोर्ड अथवा आवेदक कम्पनी के निदेशक मंडल पर सरकार द्वारा नामित निदेशकों द्वारा की जाएगी।

निदेशक मंडल में सरकार के नामित व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा किसी भी समय, आवेदक से किसी विशिष्ट अवधि के दौरान उसके होटल/मोटल में ठहरने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या और /अथवा उनके नाम और उनसे लिए गये किराए आदि की जानकारी दिखाने वाले प्रतिवेदनों तथा विवरणों की मांग की जा सकती है और आवेदक के लिये यह आवश्यक होगा कि वह मांगी गई विस्तृत जानकारी निदेशक मंडल पर सरकार द्वारा नामित व्यक्ति/व्यक्तियों को तुरन्त उपलब्ध करायें। इसी तरह एक शर्त यह भी होगी कि आवेदक पर्यटन के महानिदेशक या उसके द्वारा प्राधिकृत किसी भी व्यक्ति द्वारा सूचना दिए जाने पर किसी भी समय अपने होटल/मोटल में विदेशी पर्यटकों के लिए स्थान की व्यवस्था करने से सम्बन्धित मांग को स्वीकार करेगा। इन शर्तों के पालन में जो त्रुटियां होगी उन पर पैरा IX में की गई व्यवस्था के अनुसार अथवा बोर्ड द्वारा निर्णीत किसी भी अन्य व्यवस्था के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

6. प्रायोजना का समापन :

जिस प्रायोजना के लिए कर्ज लिया जाए उसे बोर्ड द्वारा निर्धारित अवधि के भीतर पूरा करना होगा। करार में उल्लिखित नियम तारीख तक यदि प्रायोजना पूरी नहीं होगी तो उसे पैरा IX की शर्तों के अधीन एक त्रुटि समझा जाएगा। यदि अपवाद-स्वरूप कुछ विशिष्ट परिस्थितियों में नियत तारीख के भीतर प्रायोजना को पूरा करना संभव न हो सके, तो बोर्ड वित्त मन्त्रालय से परामर्श करके और स्वयं स्पष्टीकरण के औचित्य से संतुष्ठ होने के बाद प्रायोजना के पूरा करने की तारीख को बढ़ा सकता है।

7. बीमा :

इन अनुदेशों के अधीन प्रतिभूति के रूप में आवेदक द्वारा दी गई तथा बोर्ड द्वारा स्वीकृत की गई सम्पत्ति और परिसम्पत्तियों का, कर्ज की प्रमात्रा और उसके ब्याज को देखते हुए बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई राशि अथवा आवेदक द्वारा उससे अधिक निश्चित की गई किसी भी राशि के लिए चोरी, आग, बाढ़, विद्युतपात, दंगों और भूकम्पों आदि में नष्ट होने के जोखम से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बीमा कराया जाएगा, और बीमे की पालिसियां भारत के राष्ट्रपति के नाम की जायेंगी। आवेदक का यह भी कर्तव्य होगा कि वह बन्धक रखी गई परिसम्पत्तियों को बोर्ड के संतोषानुरूप अच्छी हालत में सुरक्षित रख।

VI—अदायगी का प्रकार :

(क) इन अनुदेशों के अधीन बोर्ड द्वारा आवेदकों को स्वीकृत कर्ज किस्तों में दिया जाएगा तथा प्रत्येक किस्त की राशि का निर्धारण बोर्ड को स्वीकार्य किसी सक्षम प्राधिकारी या जिला मजिस्ट्रेट/लोक निर्माण विभाग/चार्टर्ड अकांउटैंट आदि, द्वारा प्रमाणित किये गये, बंधक रखी गई सम्पत्ति और अन्य परिसम्पत्तियों के मूल्य तथा नए निर्माण कार्यों अथवा ऋण से संबद्ध काल में किए गए नवीकरणों पर आवेदक द्वारा किए गए खर्चों के मूल्य को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा।

(ख) अगली किस्त की अदायगी प्राधिकृत होने से पूर्व आवेदक को, प्रत्येक किस्त की बाबत,, निर्धारित प्रपत्र में, अपने लेखापरीक्षकों द्वारा सत्यापित एक 'उपयोग कर लिया गया है" इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

VII—ब्याज की दर और उसकी अदायगियां :

इन अनुदेशों के अधीन स्वीकृत किए गए कर्जों पर ब्याज की दर सरकार द्वारा औद्योगिक उपक्रमों से समय समय पर वसूल किये जाने वाली दर पर आधारित होगी। इस समय घटौती (रिबेट) सहित ब्याज की दर 7 प्रतिशत वार्षिक है। कर्ज की राशि की किस्तों और ब्याज की निर्धारित अदायगियों पर 2 प्रतिशत घटौती (रिबेट) दी जायगी। यदि आवेदक से इस सम्बन्ध में कोई चूक होती है तो उसे इस कर्ज की राशि किस्तों तथा देय बकाया ब्याज पर उस दर पर ब्याज देना होगा जिस दर पर कि कर्ज दिया गया है, और ऐसी स्थिति में 2 प्रतिशत की घटौती नहीं दी जाएगी। किन्तु सभी बकाया-राशियों (एरियरज़) का भुगतान हो जाने पर भविष्य में नियमित रूप से की गई अदायगियों पर उसे पुनः घटौती दी जा सकेगी।

कर्ज पर, अर्द्धवार्षिक रूप से ब्याज तब तक देना पड़ेगा जब तक कि कर्ज की राशि की पूरी पूरी वापसी नहीं हो जाती।

VIII—मूलधन की वापसी :

नया निर्माण :

कर्ज का भगतान 12 वर्षों की अवधि में 24 अर्द्ध-वार्षिक किस्तों में करना होगा; वापसी की पहली किस्त उस तारीख से तीन वर्ष बाद देय हो जायेगी जिस तारीख से कर्ज की पहली किस्त प्रदान की गई थी।

विस्तार/नवीकरण :

कर्ज की वापसी नौ वर्ष की अवधि के अन्तर्गत 18 अर्द्धवार्षिक-किस्तों में करनी होगी। वापसी की पहली किस्त उस तारीख से ठीक एक वर्ष बाद देय हो जाएगी जिस तारीख से कर्ज की पहली किस्त प्रदान की गई है।

किन्तु आवेदक को इस बात की छूट होगी कि वह कर्जा चुकाने की उद्दिष्ट कानूनी मुहलत के दौरान कर्ज की वापसी आरम्भ कर दे अथवा ब्याज सहित समस्त कर्ज उपर्युक्त निर्धारित कर्ज की अवधि समाप्त होने से पूर्व किसी भी समय लौटा दे।

XI. **त्रुटियां :** यदि आवेदक से ब्याज की अदायगी या कर्ज की वापसी की किस्तों के भुगतान या कर्ज की शर्तों के पालन में कोई चूक होती है तो बोर्ड अपने संविवेक के अनुसार और मामले के गुण-दोष का ध्यान रखते हुए नीचे बताए गए तरीकों में से किसी भी तरीके अथवा तरीकों के अनुसार उस त्रुटि पर कार्रवाई कर सकता है :—

(i) बोर्ड कर्ज की अगली किस्तें प्रदान नहीं करेगा और आवेदक कम्पनी से यह अपेक्षा करेगा कि वह ब्याज सहित कर्ज की समस्त राशि, त्रुटि होने की तारीख से अगले चार महीनों के अन्दर अन्दर सरकार के पास जमा करा दे।

(ii) किस्त/ब्याज की अदायगियों में तीन बार लगातार त्रुटि होने पर बंधक रखी गई सम्पत्ति के उपभोग से आवेदक को रोक दिया जायेगा।

(iii) ऋणी का कारोबार उस से लिया जा सकता है और उस स्थिति में वह सरकार या इस कार्य के लिए सरकार द्वारा विशिष्ट रूप से मनोनीत किए गए किसी भी व्यक्ति या अभिकरण द्वारा चलाया जाएगा।

X. इन अनुदेशों के अनुसार कर्ज की राशि के आहरण से पूर्व आवेदक निर्धारित प्रपत्र में एक कर्ज-करार और, सर्वथा बोर्ड के संविवेक पर, एक बंधक-पत्र और/अथवा एक अनुमोदित गारंटी-कर्त्ता द्वारा एक गारंटी-बांड का निष्पादन करेगा।

XI. इन कर्जों के लेखे पर्यटन विभाग द्वारा रखे जाने चाहियें और वह कर्ज की वसूलियों और कर्ज की शर्तों के पालन पर निगरानी रखेगा।

कर्ज के लिए आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र (अनुबन्ध 'ख') में आवश्यकतानुसार समर्थक प्रमाण पत्रों सहित सचिव, होटल विकास ऋण बोर्ड, पर्यटन विभाग, ट्रांसपोर्ट भवन, 1-पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली-1 को प्रस्तुत किए जाएंगे।

अनुबन्ध 'क'

होटल उद्योग में अचल परिसम्पत्तियों की सूची

1. भूखंड।
2. इमारत जिसमें स्वास्थ्य सम्बन्धी (सैनिटरी) सामान और फिटिंग्स शामिल हैं।
3. संयंत्र और मशीनरी [जिसमें भाड़ा बीमा (फ्रेट इन्श्योरेंस), आयात शुल्क, विक्रयकर, निकासी, लदान, उतराई और परिवहन प्रभार शामिल हैं] यथा :—
   (1) वातानकूलन-संयंत्र।
   (2) रेफरिजरेटर, वाटर कूलर और बर्फ बनाने का संयंत्र।
   (3) लांडरी-संयंत्र।
   (4) वाक-इन-टाइप रेफरिजरेटर और डीप फ्रीज कोल्ड स्टोरेज।
   (5) बेकरी उपकरण।
   (6) लिफ्टें (इलैक्ट्रिकल कन्वेएन्स)।
   (7) गर्म पानी की पूर्ति करने वाले उपकरण जिन में बायलर शामिल हैं।
   (8) जल मृदुकरण संयंत्र (वाटर साफ्निंग प्लांट)।
   (9) ध्वनि-व्यवस्था।
4. **विविध अचल परिसम्पत्तियों :**
   (1) ट्यूब-वेल और पम्प
   (2) रसोई घर म स्थापित उपकरण
   (3) मल निकास संयंत्र या उपकरण
   (4) स्वास्थ्य क्लब और वर्कशाप उपकरण
   (5) फिक्सड कार्पेटिंग।

अनुबन्ध 'ख'

होटल प्रायोजनाओं के लिए कर्ज का आवेदन-पत्र

भाग 'क'

1. आवेदक का नाम और पता

   (क) कम्पनी पब्लिक लिमिटेड है अथवा प्राइवेट (कंपनियों के सम्बन्ध में)

2. अधिकृत पूंजी

3. जारी पूंजी, स्वीकृत पूंजी और चुकती पूंजी

4. यदि आवेदक पहले ही कुछ होटलों का मालिक है तो उनकी संख्या; प्रत्येक होटल की बाबत इस बात का अलग अलग निर्देश किया जाए कि उसमें कितनी शैय्याओं की व्यवस्था है; उसकी मूल लागत और लेखा-पुस्तकों के अनुसार उसकी मूल्यह्रास लागत कितनी है; उसका बीमा-कृत-मूल्य और मार्किट-मूल्य क्या है। मार्किट मूल्य की पुष्टि में सम्पदा शुल्क अधिनियम/सम्पत्ति कर अधिनियम की व्यवस्थाओं के अधीन मान्य मूल्य निर्धारण प्रमाण पत्र भी देना होगा।

5. तीन वर्ष अथवा इस से अधिक समय से विद्यमान आवेदकों के मामलों में, चाहे वे कम्पनियां हों या ट्रस्ट अथवा सहकारी समितियां, पिछले तीन वर्ष के लेखा-परीक्षित तुलन-पत्र और हानि-लाभ के लेखे की प्रतिलिपियां भिजवानी होंगी (जिनमें कार्य-परिणामों, परिसम्पत्तियों और देयताओं एवं लाभांशों, यदि कोई घोषित हुए हों, का निरूपण किया गया हो) अन्य आवेदकों के मामले में जहां तक उपलब्ध हो आवश्यक सूचना भिजवाई जाए।

6. यदि आवेदक ने बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थाओं से पहले से कोई कर्ज लिया/लिए हों या कर्ज के लिए आवेदन दिया हो तो उस (उन) कर्ज/कर्जों का ब्यौरा।

   (क) कर्ज की राशि (राशियां), कर्ज के दिए जाने की तारीख और ब्याज की दर।

   (ख) वे होटल जिनके लिए कर्ज दिया/दिए गए। यहां उन परिसम्पत्तियों का पूरा ब्यौरा दें जिनकी प्रतिभूति पर कर्ज लिया/लिए गए हैं।

   (ग) कर्ज की वापसी किस तारीख से शुरू की गई अथवा की जानी है और कितनी किस्तों में की जानी है।

   (घ) क्या भूत-काल में कभी मूलधन या ब्याज किश्तों की अदायगी में चूक हुई है, और यदि हां, तो कितनी बार और किन कारणों से।

   (ङ) कर्जों की बकाया राशि, यदि कोई हो जो अभी लौटानी है।

7. निम्नलिखित का पूरा विवरण दें :—

(क) होटल, जिसके निर्माण का अब प्रस्ताव है।

(ख) होटल का स्थान: क्या कम्पनी/ट्रस्ट/ सहकारी समिति इस भू-खंड की मालिक है अथवा यह स्थान पट्टे पर लिया गया है? कृपया ब्यौरा दें।

(ग) होटल प्रायोजना की कुल लागत, जिसमें उस प्रायोजना के प्रत्येक भाग की लागत का विवरण तथा उसके साथ-साथ कुल खर्च में विदेशी मुद्रा की लागत के अंश का ब्यौरा भी दिया गया हो। साइटप्लानों और वास्तुविदी डिजाइनों की प्रतियां वास्तुविदों के नामों और वास्तुविदों के साथ किए गए करारों की प्रतियों के साथ भिजवाई जाएं।

(घ) निधि में से अब अपेक्षित कर्ज की राशि।

(ङ) क्या प्रायोजना को पूरा करने के लिए आवश्यक शेष निधियां जुटाने की व्यवस्था की जा चुकी है/यदि हां, तो कृपया दस्तावेजी प्रमाण दें।

8. यदि अपेक्षित हो तो आवेदक, होटल को बन्धक रखने के इलावा अन्य क्या प्रतिभूति प्रस्तुत करने के लिए तैयार हैं? और होटल की इमारत का निर्माण हो जाने तक अन्तरिम प्रतिभूति के रूप में क्या प्रस्तुत करने का प्रस्ताव है?

9—क्या आवेदक को भारत सरकार के होटल विकास ऋण विषयक अनुदेशों की शर्तों की जानकारी है जिनके कि अनुसार कर्ज दिए जाते हैं, और यदि हां, तो क्या कम्पनी उन्हें पूर्णरूपेण स्वीकार करने के लिए तैयार है?

10—(क) भविष्य में प्रत्याशित कार्य-परिणाम

   (ख) क्या इन परिणामों से यह सिद्ध होता है कि आवेदक के लिए, बिना किसी कठिनाई के ऋण-परिशोधन अवधि के अन्तर्गत कर्ज की वापसी करना संभव है?

कम्पनी/ट्रस्ट/सहकारी समिति के प्रबन्ध निदेशक या अन्य प्राधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किया जाएगा।

भाग 'ख'

(पर्यटन के अतिरिक्त महानिदेशक द्वारा भरा जाएगा।)

1—क्या पर्यटन के अतिरिक्त महानिदेशक इस संबंध में संतुष्ट हैं कि आवेदक द्वारा ऊपर दिए गए ब्यौरे, जहां तक उनकी जांच की जा सकती है, सही हैं?

2—क्या पर्यटन के अतिरिक्त महानिदेशक अपने तकनीकी अधिकारी से यथावश्यक परामर्श लेने के बाद इस संबंध में सामान्यता संतुष्ट हैं कि होटल प्रायोजना उस प्रायोजन के लिए उपयुक्त है जिसके लिए कि यह अभिप्रेत है?

3—क्या पर्यटन के अतिरिक्त महानिदेशक, कम्पनी/ट्रस्ट/ सहकारी समिति द्वारा प्रार्थित कर्ज प्रदान करने की सिफारिश करते हैं? क्या वे संतुष्ट हैं कि आवेदक से ऋण-परिशोधन की अवधि के दौरान कर्ज की वापसी की युक्तियुक्त संभावनाएं हैं, और आवेदक द्वारा प्रस्तुत की गई प्रतिभूति जिस में अन्तरिम प्रतिभूति भी शामिल है, उपयुक्त और पर्याप्त है?

4—यदि आवेदक आम शर्तों में कुछ संशोधन कराना चाहता है तो पर्यटन के अतिरिक्त महानिदेशक किस सीमा तक और किन ठोस आधारों पर उनके संशोधन की सिफारिश करते हैं ?

5—क्या पर्यटन के अतिरिक्त महानिदेशक उक्त प्रस्ताव पर कोई विशेष टिप्पणी देना चाहते हैं ?

पर्यटन के अतिरिक्त महानिदेशक द्वारा अथवा पर्यटन के महानिदेशक के किसी अन्य प्राधिकृत अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा ।

भाग 'ग'

होटल विकास ऋण बोर्ड का निर्णय जिस पर होटल विकास ऋण बोर्ड के सचिव द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे ।

पोतपरिवहन तथा परिवहन मंत्रालय

(परिवहन पक्ष)

नयी दिल्ली दिनांक 15 दिसम्बर 1970

संकल्प

सं० 20-पी०जी०(9)/70 पोतपरिवहन तथा परिवहन मंत्रालय के संकल्प सं० 20-पी०जी०(13)/67 दिनांक 22 सितम्बर, 1967 के अधिक्रमण में भारत सरकार ने राष्ट्रीय हारबर बोर्ड को निम्नप्रकार से पुनर्गठित करने का निर्णय किया है, गैर-सरकारी सदस्यों की अवधि एक वर्ष की निश्चित की गई है :—

अध्यक्ष

संसद-कार्य पोतपरिवहन तथा परिवहन मंत्री, भारत सरकार ।

उपाध्यक्ष

पोतपरिवहन तथा परिवहन के उपमंत्री, भारत सरकार ।

सदस्य

1. मत्स्यकी और पत्तन मंत्री, आंध्र प्रदेश सरकार ।
2. राजस्व विधि और पत्तन मंत्री, गुजरात सरकार ।
3. परिवहन तथा संचार मंत्री, केरल सरकार ।
4. भवन, संचार और पर्यटन मंत्री, महाराष्ट्र सरकार ।
5. पत्तन मंत्री, मैसूर सरकार ।
6. वाणिज्य मंत्री, उड़ीसा सरकार
7. सहकारिता मंत्री, तमिलनाडू सरकार ।
8. पश्चिम बंगाल राज्यपाल का सलाहकार, (सिंचाई और जलमार्ग विभाग का कार्यभारी) ।
9. उपराज्यपाल, पांण्डिचेरी अथवा उनका नामित ।
10. श्री कांची कल्याणसुन्दरम् सदस्य राज्य सभा ।
11. श्री के० जे० सिकरे, सदस्य, लोक सभा ।
12. श्री हरभजन सिंह बलह्याया 1296, सैक्टर 18-सी०, चण्डीगढ़ । — व्यापार और उद्योग का प्रतिनिधि ।
13. श्री सी० पी० श्रीवास्तव, भारत का पोतपरिवहन निगम, स्टीलक्रेट हाउस, डिनशोवाचा रोड़, बम्बई-20 । — पोतपरिवहन का प्रतिनिधि ।
14. श्री एल० एन० बिरला, बिरला निकेत, 3/1 राना संतोष रोड, अलीपुर, कलकत्ता-27 — अखिल भारतीय पोतवणिकों की परिषद का प्रतिनिधि ।
15. श्री डी० एम० परेख, 25, मजूभाई चैम्बर्स, तीसरी मंजिल, 363, नरसीनाथ स्ट्रीट, बम्बई-9 । — पालपोत उद्योग (पश्चिम तट) का प्रतिनिधि ।
16. श्री सी० आई० आर० मकाडो, बीच रोड, तूतीकोरिन । — पालपोत उद्योग (पूर्वी तट) का प्रतिनिधि ।
17. श्री एच० एन० त्रिवेदी, अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय पत्तन और गोदी कर्मचारी संघ, मजदूर कार्यालय, कांग्रेस हाउस, बम्बई-4 । — श्रमिकों का प्रतिनिधि ।
18. श्री एस० सी० सी० एन्थानी पिलाई, 177, शोनोय नगर, मदरास-30 । — श्रमिकों का प्रतिनिधि ।
19. सचिव, भारत सरकार, पोतपरिवहन तथा परिवहन मंत्रालय ।
20. सचिव, भारत सरकार, विदेशी व्यापार मंत्रालय, अथवा उनका नामित ।

21. सचिव, भारत सरकार, औद्योगिक विकास और आंतरिक व्यापार मंत्रालय, अथवा उनका नामित ।

22. सचिव, भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय अथवा उनका नामित ।

23. सचिव, भारत सरकार, खाद्य, कृषि समुदाय विकास और सहकारिता मंत्रालय, (खाद्यविभाग) अथवा उनका नामित ।

24. सचिव, भारत सरकार, खाद्य कृषि, सामुदाय विकास और सहकारिता मंत्रालय, (कृषि विभाग) अथवा उनका नामित ।

25. सचिव, भारत सरकार, पैट्रोलियम, रसायन, खान और धातु मंत्रालय, (पैट्रोलियम और रसायन विभाग) अथवा उनका नामित ।

26. अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, रेल मंत्रालय अथवा उनका नामित ।

27. संयुक्त सचिव (परिवहन और संचार प्रभाग), योजना आयोग ।

28. निदेशक, केन्द्रीय जल और विद्युत अनुसंधान स्टेशन, पूना ।

29. पोतपरिवहन का महानिदेशक, बम्बई ।

